अनुक्रमांक / Roll No.

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक यहाँ लिखें।
Candidate should write his/her Roll No. here.

कुल प्रश्नों की संख्या : 3
Total No. of Questions : 3

मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 12
No. of Printed Pages : 12

# M-2015-IV

## सामान्य अध्ययन
## GENERAL STUDIES

### चतुर्थ प्रश्न-पत्र
### Fourth Paper

समय : 3 घंटे ]
Time : 3 Hours ]

[पूर्णांक : 200
[ Total Marks : 200

**परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :**
***Instructions to the candidates :***

1. इस प्रश्न-पत्र में कुल **03** प्रश्न हैं तथा सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
   This Question Paper consists of **three** questions and **all** questions are compulsory.

2. प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने अंकित हैं।
   Marks for each question have been indicated on the right hand margin.

3. प्रश्न क्रमांक **01** एवं **03** में कोई आंतरिक विकल्प नहीं है। प्रश्न क्रमांक **02** में आंतरिक विकल्प दिया गया है।
   There is no internal choice in Question No. **01** and **03**. Question No. **02** carry internal choice.

4. प्रथम प्रश्न लघु-उत्तरीय है, जिसमें **15** अनिवार्य प्रश्न हैं । प्रत्येक का उत्तर **एक** अथवा **दो** पंक्तियों में देना है । प्रश्न क्रमांक **02** में शब्द सीमा **150** है ।
The first question is of short-answer type consisting of **15** compulsory questions. Each one is to be answered in **one** or **two** lines. For Question No. **02** word limit is **150** words.

5. जहाँ शब्द सीमा दी गई है उसका अवश्य पालन करें ।
Wherever word limit has been given, it must be adhered to.

6. प्रश्न-पत्र के अनुसार ही प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार दें । एक प्रश्न के विभिन्न भागों के उत्तर अनिवार्य रूप से क्रमानुसार लिखें तथा उनके बीच अन्य प्रश्नों के उत्तर ना लिखें ।
Question should be answered exactly in the order in which they appear in the question paper. Answer to the various parts of the same question should be written together compulsorily and no answer of the other question should be inserted between them.

7. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की तथ्यात्मक तथा मुद्रण त्रुटि हो, तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेजी में से अंग्रेजी रूपांतर को मानक माना जायेगा ।
In case there is any error of factual nature or printing, then out of the Hindi and English versions of the question, the English version will be treated as standard.

1. निम्नलिखित प्रत्येक लघु-उत्तरीय प्रश्न का उत्तर एक या दो पंक्तियों में दीजिए : $15 \times 3 = 45$

Give answer of the following short-answer questions in **one** or **two** lines :

(A) नैतिक सद्‌गुण से आप क्या समझते हैं ?

What do you understand by moral virtue ?

(B) लोक सेवकों के लिए आचरण संहिता क्यों आवश्यक है ?

Why code of conduct is necessary for civil servants ?

(C) महात्मा गांधी की नैतिक शिक्षा क्या है ?

What is moral teaching of Mahatma Gandhi ?

(D) सांवेगिक बुद्धि का शासन के संदर्भ में क्या महत्त्व है ?

What is the importance of Emotional Intelligence in reference to the Government ?

(E) महावीर स्वामी के पंच महाव्रत क्या हैं ?

What are Five Great Vows of Mahaveer Swami ?

(F) स्वामी विवेकानन्द के भाषण के संबंध में कौन सा शहर प्रसिद्ध है ?

Which city is famous regarding the speech of Swami Vivekanand ?

(G) मानव व्यक्तित्व में मनोवृत्ति का क्या प्रकार्य है ?

What is the function of attitude in human personality ?

(H) 'व्हिसल-ब्लोअर' से आप क्या समझते हैं ?

What do you understand by 'Whistle-blower' ?

(I) लोक सेवा में अशक्त वर्गों के प्रति संवेदना की क्या आवश्यकता है ?

What is the need of compassion towards weaker section in Civil Services?

(J) अरस्तू कौन है ? उनका मुख्य दार्शनिक सिद्धान्त है ______

Who is Aristotle ? His main Philosophical thought is ______

(K) श्री अरविन्द के द्वारा स्थापित दार्शिक सिद्धान्त।

Philosophical theory is propounded by Sri Aurobindo.

(L) उच्च मूल्यों से आप क्या समझते हैं ?

What do you understand by higher values ?

(M) महात्मा गांधी की प्रसिद्ध पुस्तक का क्या नाम है ?

What is the name of famous book written by Mahatma Gandhi ?

(N) 'DAT' से आप क्या समझते हैं ?

What do you understand by 'DAT' ?

(O) अन्तर्राष्ट्रीय पारदर्शिता क्या है ?

What is International Transparency ?

2. निम्नलिखित में से किन्हीं **15** प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक लगभग **150** शब्दों में लिखिए : **15 × 6 = 90**

Write notes on any **15** questions from the following questions in approximately **150** words each :

(A) लोक सेवा में नैतिक मूल्यों की आवश्यकता

Need of moral values in Civil Services

(B) नैतिक मार्गदर्शन के रूप में अन्तरात्मा

Conscience as source of ethical guidance

(C) महात्मा बुद्ध का अष्टांगिक मार्ग

Eight Fold path of Mahatma Buddha

(D) राजा राममोहन राय एक समाज सुधारक के रूप में

Raja Rammohan Roy as a social reformer

(E) महात्मा गांधी के अनुसार अहिंसा

Non-violence according to Mahatma Gandhi

(F) संविधान निर्माण में डॉ. बी.आर. अम्बेडकर की भूमिका

The role of Dr. B.R. Ambedkar in the framing of Constitution

(G) पूर्वाग्रह और विभेद से आप क्या समझते हैं ?

What do you understand by Prejudice and Discrimination ?

(H) लोक सेवा के प्रति समर्पण की व्याख्या कीजिए।

Explain dedication to Public Service.

(I) भ्रष्टाचार से आप क्या समझते हैं ?

What do you understand by corruption ?

(J) सांवेगिक बुद्धि की अवधारणा को स्पष्ट कीजिए।

Clarify the concept of Emotional Intelligence.

(K) लोक प्रशासन में उत्तरदायित्व एवं पारदर्शिता की व्याख्या कीजिए।

Explain the Accountability and Transparency in Public Administration.

(L) तुलसीदास के दार्शनिक विचार

Philosophical concept of Tulsidas

(M) दयानन्द सरस्वती के सिद्धान्त

Theory of Dayananda Saraswati

(N) भ्रष्टाचार को कम करने के उपाय

Approaches to be taken to minimize corruption

(O) लोक सेवा हेतु आधारभूत योग्यताओं में निष्पक्षता क्या है ?

What is the foundational values as neutrality for Civil Services ?

(P) जैन दर्शन में स्याद्वाद

Syadvad in Jain Philosophy

(Q) राममनोहर लोहिया के अनुसार समाजवाद की व्याख्या।

Explain the Socialism according to Ram Manohar Lohia.

(R) एकात्म-मानववाद की व्याख्या।

Explain the Ekatma-Manavavada (Integral Humanism).

3. पाठ्यक्रम में सम्मिलित विषय-वस्तु पर आधारित प्रकरण :

Case Studies based on the contents of syllabus :

$3 \times 10 = 30$

(A) प्रथम प्रकरण :

विषय : रेत माफिया के विरुद्ध प्रशासनिक अधिकारी की कार्यवाही ।

प्रशासनिक अधिकारी 2009 बैच की IAS अधिकारी हैं जिन्हें उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा साम्प्रदायिक सौहार्द भंग करने का आरोप लगाकर निलम्बित कर दिया गया । सदर क्षेत्र, उप-प्रभागीय न्यायाधीश पद पर आसीत उन्होंने एक निर्माणाधीन मस्जिद का निरीक्षण किया, जिसको राज्य सरकार द्वारा अनुमोदन प्राप्त नहीं था । इसी समय आपने रेत का अवैध कारोबार पकड़ा और निम्न कार्यवाही की :

⇒ रेड के दौरान 81 गाड़ियाँ जब्त कीं ।

⇒ कार्यवाही की गोपनीयता के लिए कुछ सीमित संख्या के अधिकारियों को ही सूचना दी ।

⇒ इस दौरान उन्होंने अपराधियों को उस क्षेत्र में रंगे हाथ पकड़ा ।

⇒ यह कार्यवाही असुविधाजनक समय (odd hours) में की गयीं ।

**First Case Study :**

Sub : IAS Officer's Sand Mafia crack down.

Administrative Officer, the 2009 batch IAS Officer was suspended by Uttar Pradesh Government for allegedly 'disturbing communal harmony'. She was posted as Sub-Divisional Magistrate (Sadar). She went to inspect an under-construction Masjid which had not been given clearance by the State Government. Meanwhile she raided illegal sand business and took some actions :

⇒ 81 vehicles were seized in raid.

⇒ Only few officers were informed to keep the secrecy of action.

⇒ Majority of those arrested in that region were caught red-handed.

⇒ The raids were conducted at odd hours of the day.

उपर्युक्त प्रकरण के परिप्रेक्ष्य में निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

Answer the following questions in the light of above mentioned topic :

(a) यदि अपराध सिद्ध नहीं हुआ है तो क्या अधिकारी को किसी अन्य आरोप में सजा दी जानी चाहिए ?

Can an officer be punished for any other allegation unless it is established ?

(b) क्या कार्यवाही में गोपनीयता अनुचित है ?

Is it improper to keep secrecy in action ?

(c) क्या अपराधियों को दण्ड देना अधिकारी का दायित्व नहीं है ?

Is it not an accountability of officer to punish the culprit ?

5 × 7 = 35

(B) द्वितीय प्रकरण :

विषय : एन.टी.सी. भूमि घोटाला

वस्त्र उद्योग के संबंध में कुछ राजनेता तथा प्रशासनिक अधिकारी समाविष्ट हैं । इस घोटाले में निजी कम्पनी को महत्वपूर्ण भूमि की कथित बिक्री अस्थायी कीमतों में की गई । इस घोटाले में निम्न प्रदर्शित विषय स्पष्ट हुए :

⇒ सरकारी सम्पत्ति की बिक्री निजी कम्पनी को कम कीमत पर की गई ।

⇒ भूमि का हस्तांतरण एक चाल में अनुचित तरीके से पुनः विकास के लिए हुआ ।

⇒ अधिकारियों ने पद का दुरुपयोग करते हुए भूमि का मूल्यांकन उचित कीमत पर नहीं किया ।

⇒ सभी पर आय से अधिक सम्पत्ति का आरोप लगाया गया ।

**Second Case Study :**

Sub : NTC Land Scam

It is a political scam for textile industry in which some political leaders and Governmental Officers are involved. In this scam alleged sale of prime land at throw away prices to private company was seen.

The following issues are surfaced :

⇒ The sale of government owned land to the private company at low price.

⇒ Land was transferred allegedly for revival.

⇒ The evaluation of land for settlement was not proper. It was the act of misuse of powers.

⇒ These politicians and officials were looked for having property more than their sources.

उक्त प्रकरण के सम्बंध में निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

Answer the following questions in the light of above mentioned case :

(a) भारत में इस तरह के घोटालों के कारण क्या हैं ?

What is the cause for such kind of scams in India ?

(b) सरकारी तन्त्र इन्हें नियन्त्रित करने में असमर्थ क्यों है ?

Why Government machinery is unable to control them ?

(c) इस तरह के घोटालों के नियंत्रण में जनता की क्या भूमिका हो सकती है ?

What will be the role of people in controlling such kind of scam ?

(d) इस तरह के नुकसान को कौन भरेगा ?

Who is going to pay for such great loss ?

(e) इसके नियन्त्रण में प्रसार माध्यम की क्या भूमिका हो सकती है ?

What will be the role of media in controlling it ?